# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 09 जून 2025



GK Search Engine

SUBSCRIBE

Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान के किस शहर में तीसरी लेपर्ड सफारी शुरूआत हुई है?

(A) जयपुर
(B) जोधपुर
(C) उदयपुर
(D) इनमें से कोई नही

◆5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जयपुर शहर की तीसरी लेपर्ड सफारी शुरू की गई।

◆ नाहरगढ़ वाइल्डलाइफ सेंक्चुरी के अंतर्गत यह सफारी विद्याधर नगर में बीड़ पापड़ लेपर्ड सफारी के नाम से शुरू होगी।

◆*Smart fact* ✍

✓जयपुर शहर में पहले से संचालित दो लेपर्ड सफारी

1. झालाना लेपर्ड सफारी
2. आमागढ़ लेपर्ड सफारी

**01. राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम का संचालन अब किस विभाग के द्वारा किया जाएगा?**

(A) सूचना एवं जनसंपर्क विभाग

(B) कार्मिक विभाग

(C) चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम का संचालन अब चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग की ओर से किया जाएगा।

♦राजस्थान सरकार ने राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) को वित्त विभाग से हटाकर स्वास्थ्य विभाग के अधीन कर दिया।

♦चिकित्सा विभाग ने रोगियों को योजना का समुचित लाभ दिलाने के लिए योजना के क्रियान्वयन को बेहतर बनाने, अस्पतालों तथा फार्मेसी स्टोर के एम्पेनलमेंट, क्लेम प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुगम बनाने के लिए काम प्रारंभ कर दिया है।

♦ आरजीएचएस राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 बजट के तहत सी.जी.एच. एस की तर्ज पर कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु प्रदेश में लागू की गई है।

**02.ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर किसे "अचीवर ऑफ द ईयर" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है ?**

(a) RPSC

(b) RICO

(c) RCDF

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर काम करने पर राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन (RCDF) को "अचीवर ऑफ द ईयर" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

♦यह अवॉर्ड आरसीडीएफ की प्रशासक और प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज को ग्रीन एनर्जी कांक्लेव-2025 के समारोह में 7 जून को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की ओर से दिया गया।

♦श्रुति भारद्वाज को यह अवार्ड उनके नेतृत्व में आरसीडीएफ को वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 400 करोड़ से अधिक का लाभअर्जित करने, टर्नओवर 10,000 करोड़ तक पहुंचने और ग्रीन ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

**03. अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलिंपियाड – 2025 में राजस्थान के जोधपुर की डॉ. मीनाक्षी सोनी ने कौनसा स्थान प्राप्त किया?**

**(A) द्वितीय**

**(B) चतुर्थ**

**(C) पहला**

**(D) इनमें से कोई नही**



प्रथम स्थान : अनुषा कर्नूल (विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश) – 95%

द्वितीय स्थान : डॉ. मीनाक्षी सोनी (मधु मालती देवी दासी) (जोधपुर, राजस्थान) – 91.5% अंक

**Important Facts:**

- ♦ जयपुर के जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलिंपियाड – 2025 के विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए।
- ♦इस गीता ओलिंपियाड में 10 देशों के 50 शहरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें अमेरिका, यूरोप, मध्य-पूर्व, एशिया और ऑस्ट्रेलिया के प्रतिभागी शामिल थे।
- ♦इसमें आंध्र प्रदेश की अनुषा कर्नूल ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान राजस्थान के जोधपुर की डॉ. मीनाक्षी सोनी ने 91.5% अंकों के साथ प्राप्त किया।

04.राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत अपात्र व्यक्ति के स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए गिव अप' अभियान में राजस्थान का कौनसा जिला शीर्ष पर है?

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति को स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए प्रेरित करने हेतु जयपुर जिले में 'गिव अप' अभियान के तहत अपात्र लाभार्थियों द्वारा गिव अप किये जाने मामलों में राज्य के 41 जिलों में जयपुर ने प्रथम स्थान पर है।

♦ योजना के तहत जयपुर जिले में सर्वाधिक 1 लाख 88 हजार 255 अपात्र व्यक्तियों ने गिव अप किया है। वहीं, जयपुर जिले में 1 लाख 81 हजार 485 नए पात्र व्यक्तियों का नाम खाद्य सुरक्षा सूची में शामिल किया गया है।

♦जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं जिले में गिव अप अभियान के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

05.भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) द्वारा राजस्थान के कितने जिलों के में 'सिंगल टीचर स्कूल' की स्थापना की जाएगी?

(a) 3

(b) 5

(c) 4

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (CSR) के तहत समाज सेवा के अपने अभियान को नई ऊर्जा देने जा रहा है।

◆ इस बार AAI ने राजस्थान के जयपुर, उदयपुर और सीकर जिलों के गरीब और निराश्रित बच्चों की शिक्षा में सहारा बनने का बीड़ा उठाया है।

◆इन तीनों जिलों के 60 केंद्रों पर 'सिंगल टीचर स्कूल' की स्थापना की जाएगी, जिसकी मेंटरशिप की जिम्मेदारी किशनगढ़ एयरपोर्ट को सौंपी गई है।

◆जयपुर में 36 और उदयपुर व सीकर में 12-12 केंद्रों पर स्कूल खोले जाएंगे। प्रोजेक्ट एक साल के लिए चलेगा

06.हाल ही में राजस्थान की किस झील में पहली बार डबल डेकर लग्जरी बोट में उतारी गई?

(A) फतेहसागर झील

(B) राजसमंद झील

(C) पिछोला झील

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ लेकसिटी उदयपुर में पहली बार डबल डेकर लग्जरी बोट पिछोला झील में उतारी गई है। ये प्रदेश की भी पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर बोट बताई जा रही हैं।

♦ हालांकि, परिवहन विभाग ने अभी इसकी ऊपर की मंजिल पर यात्रियों को बैठाने की अनुमति नहीं दी है।

♦ यह बोट 'पैंटून' तकनीक से बनी है। ऐसे में यह बोट आंधी-तूफान में भी स्थिर और सुरक्षित बनी रहेगी।

♦ इस बोट में अभी 25 की बैठक क्षमता को मंजूरी दी गई है। इसी के साथ एक अन्य 20 सीटर इलेक्ट्रिक बोट उतारी गई।

♦ 7 जून को सांसद मन्नालाल रावत ने इनका उद्घाटन किया

**07.प्रदेश का पहला बर्तन बैंक किस जिले की खैराबाद पंचायत समिति में शुरू हुआ है!?**

(A) जोधपुर

(B) कोटा

(C) बारां

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ प्रदेश का पहला बर्तन बैंक कोटा जिले की खैराबाद पंचायत समिति में शुरू हुआ है!

♦राजस्थान का पहला स्टील बर्तन बैंक खैराबाद में शुरू:शिक्षा मंत्री दिलावर ने किया उद्घाटन,

♦ प्रदेश की 1000 पंचायतों में होगा विस्तार शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि शादी-समारोह में डिस्पोजल आइटम का उपयोग गंदगी का कारण बनता है।

♦इससे बचने के लिए सरकार ने पंचायत स्तर पर बर्तन बैंक की योजना शुरू की है।

**08.राजस्थान में खाद्य विभाग कितनी राशन की दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोलने की तैयारी कर रहा है?**

(A) 9000

(B) 5000

(C) 6000

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में करीब 10 साल बाद खाद्य विभाग फिर से प्रदेश की 5 हजार राशन दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोलने की तैयारी कर रहा है।

♦ इस बार विभाग अन्नपूर्णा भंडार खोलने से पहले राशन डीलरों से सुझाव लेने की बात कह रहा है। जयपुर जिले में 1 हजार अन्नपूर्णा भंडार खोले जाएंगे।

♦खाद्य विभाग ने 2015 में राजस्थान में 500 राशन दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोले थे। इन दुकानों पर बिक्री के लिए रखे महंगे उपभोक्ता सामान को खरीदने में ग्रामीणों ने रुचि नहीं दिखाई तो सभी अन्नपूर्णा भंडार बंद हो गए।

**09.हाल ही में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस कब मनाया गया?**

**(a) 7 जून**

**(b) 5 जून**

**(c) 8 जून**

**(d) इनमें से कोई नही**

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस: 7 जून

♦दिसंबर 2018 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने औपचारिक रूप से विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस की स्थापना की।

♦पहला विश्वव्यापी स्मरणोत्सव 7 जून, 2019 को आयोजित किया गया था।

♦खाद्य और कृषि संगठन (FAO) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इस अवधारणा को सामने लाने के लिए सहयोग किया।

♦विषय: "फूड सेफ्टी: साइंस इन एक्शन"

**10. RBI ने रेपो रेट को घटाकर कितने प्रतिशत कर दिया है?**

(a) 5.5%

(b) 6.5%

(c) 5.0%

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine
SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- RBI ने रेपो रेट को 0.5% घटाकर 5.5% कर दिया।
- रेपो रेट (वह ब्याज दर जिस पर बैंक RBI से पैसे लेकर ग्राहकों को कर्ज देता है)
- कैश रिजर्व रेशियों (CRR) को 1% घटाकर 3% कर दिया।

**Today, Quiz:**

**Q. मास्को स्टार वुशू चैम्पियनशिप में राजस्थान के विहानराज सक्सेना ने 45 KG भार वर्ग में कौनसा मेडल जीता?**

(a) गोल्ड मेडल

(b) ब्रांज मेडल

(c) सिल्वर मेडल

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine